एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 52वीं बैठक संपन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 31.01.2017 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एमसीएल के महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.संस्थान/राजभाषा/मासंवि) श्री बी.सी. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में इनके अतिरिक्त मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी,नामित राजभाषा अधिकारी/ सहायकगण के साथ-साथ भारत सरकार,हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा उपस्थित हुए ।

महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.संस्थान/ राजभाषा/ मासंवि) ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एमसीएल में राजभाषा अनुपालन की स्थिति बेहतर है और इसे कायम रखने की आवश्यकता है। राजभाषा हिंदी जनभाषा एवं संपर्क की भाषा है, जो सहज,सरल एवं मधुर है। इसे हर भारतीय को व्यवहार में लाना चाहिए। यह हमारे संविधान से जुड़ी हुई भाषा है अत: हिंदी में कार्य करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री त्रिपाठी ने कहा कि एमसीएल राजभाषा नीति का शतप्रतिशत अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है, इसके लिए जितनी मेहनत करनी हो किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि हाल ही में प्राप्त कोल इंडिया के पत्र के अनुसार सभी क्षेत्रों में प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी कार्यशाला आयोजित किया जाना अपेक्षित है।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं प्रत्येक तिमाही में हर क्षेत्र /इकाई द्वारा नियमित रूप से बैठक एवं कार्यशाला के आयोजन पर जोर दिया गया ।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),राजभाषा विभाग,मुख्यालय द्वारा बैठक के संचालन के साथ-साथ बैठक में उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।